# गोगा पिया सीरियल की सुनलो पुकार | By Geetika Kashyap

हे गोगा पिया श्रीयल की सुनलो पुकार
तुम्हारे बिना सूने लागे महलो के द्वार
हे गोगा स्वामी आन मिलो एक बार
तुम्हारे बिना कैसे करूँ सोलह श्रृंगार

ये श्रीयल रानी पल पल लगाए तेरी आस
कहीं तोड़ देना स्वामी तुम मेरा विश्वास
ये सासु मेरी देती है ताने बेशुमार
मैं कैसे कहूं गोगा मुझसे करते है प्यार

आ जाओ पिया नीले घोड़े पे सवार
मत छीनो एक सुहागन का पिया अधिकार
कमज़ोर नहीं मेरे रिश्तों की दीवार
हे गोगा पिया मुरझाई है जीवन की बहार

हे पिया मेरे मुश्किल करो अब आसान
क्या भूल गए हो स्वामी अपना दिया वरदान
तुम्हारे बिना श्रीयल है बड़ी परेशान
हे गोगा मेरी नैया तुम लगा दो भव से पार

हे गोगा पिया श्रीयल की सुनलो पुकार
तुम्हारे बिना सूने लागे महलो के द्वार
हे गोगा स्वामी आन मिलो एक बार
तुम्हारे बिना कैसे करूँ सोलह श्रृंगार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%8b/